NNI
हर खबर पर पक्की नजर
पत्रकारिता हमारा धर्म निष्पक्षता हमारी पहचान
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
सत्यता व निष्पक्षता का छठवां वर्ष
www.nnindianews.com
वर्ष:06, अंक:–03, पृष्ठ: 12 | गुरुवार, 09 जुलाई, 2026 | मूल्य– 03.00 रुपये मात्र

# बारिश से तबाही

## महाराष्ट्र में बाढ़ में 3 हजार एलपीजी सिलेंडर बहेः एमपी में युवक नदी में बहा; उत्तराखंड के उत्तरकाशी-टिहरी में लैंडस्लाइड






**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के रायगढ़ में बारिश के बाद 3 हजार एलपीजी सिलेंडर पातालगंगा नदी में बह गए। पनवेल के बॉटलिंग प्लांट में बाढ़ का पानी घुसने के बाद सिलेंडर बहे। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि कहीं सिलेंडर मिले तो उसे न छुएं और न ही घर ले जाएं।

मध्य प्रदेश में बुधवार को 27 से ज्यादा जिलों में बारिश हुई। सबसे ज्यादा दमोह में 1.75 इंच बारिश दर्ज की गई। खरगोन में रूपरेल नदी के तेज बहाव में एक युवक बह गया।

उत्तराखंड के उत्तरकाशी में नालूपानी और यमुनोत्री नेशनल हाईवे पर लैंडस्लाइड हुआ। वहीं, टिहरी में बुधवार को दुकानों के पास लैंडस्लाइड में एक मकान गिर गया। आसपास के दो से तीन मकान कभी भी गिर सकते हैं।

इधर, राजस्थान के अजमेर जिले के किशनगढ़ में बुधवार रात बारिश से एक मकान ढह गया। हादसे में पति-पत्नी समेत तीन लोग मलबे में दब गए। तीनों का रेस्क्यू कर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। वहीं, दिल्ली में आज सुबह से बारिश हो रही है। रेलवे स्टेशन, मुनिरका और कई इलाकों में सड़कें डूब गईं।

**दिल्ली-एनसीआर में सभी जगह भरा पानी**

दिल्ली-एनसीआर में बारिश का सिलसिला जारी है। बारिश के कारण राष्ट्रीय राजधानी के कुछ इलाकों में जलभराव हुआ। नोएडा में सुबह से जारी बारिश के बाद लोगों को ऑफिस पहुंचने में परेशानी हो रही है। गाजियाबाद और हापुड़ जिले में भी बादल बरस रहे हैं। काले बादल छाए हैं। रात से हो रही बारिश के कारण नोएडा की सड़कों पर पानी भर गया है। कार्यालय आने-जाने वाले लोगों को वाहन नहीं मिल रहे हैं, जिससे वे मेट्रो स्टेशन के नीचे खड़े होकर इंतजार कर रहे हैं। न्यू गुरुग्राम के सेक्टर 104 के पूरी एमराल्ड बे सोसाइटी में छज्जा का प्लास्टर गिरने का मामला सामने आया है। इसमें कोई जनहानि नहीं हुई है।

**यूपी के कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी**

उत्तर प्रदेश में मानसून रफ्तार पकड़ता जा रहा है। प्रदेश के कई जिलों में बृहस्पतिवार को भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है तो कई जिलों में अत्यधिक बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। लखनऊ में बृहस्पतिवार की सुबह बादल छाए रहे जिससे कि लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली है। मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार के लिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश और बुंदेलखंड के 19 जिलों में गरज-चमक, 30 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं और भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं प्रदेश के 43 अन्य जिलों में बारिश का येलो अलर्ट है।

**यहां है अत्यधिक बारिश का ऑरेंज अलर्ट**

सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, मेरठ, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, संभल, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी व आस पास के क्षेत्र।

## शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद से मिले अखिलेश यादव

### बोले- सनातन को अधर्मियों से मुक्त कराने के लिए चर्चा की



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद से मुलाकात की। मुलाकात की तस्वीरें एक्स पर शेयर करते हुए उन्होंने कहा कि हमने सनातन पर आए संकट और उसे अधर्मियों से मुक्त करने के लिए आपस में चर्चा की।

उन्होंने एक्स पर लिखा कि आज प्रातः काल पूज्य शंकराचार्य जी के दर्शन एवं आशीर्वाद के सौभाग्यशाली क्षण और सनातन पर आए संकट को दूर करने व अधर्मियों के चंगुल से धर्म को मुक्ति दिलाने के लिए सार्थक वार्ता। उल्लेखनीय है कि अखिलेश यादव ने अयोध्या के राम मंदिर में हुई चढ़ावा चोरी को लगातार उठाया और इसके सहारे भाजपा पर निशाना साधा। इसके पहले, अखिलेश यादव ने कहा कि राम मंदिर में चढ़ावा, चंदा व दान चोरी का समाचार समस्त विश्व में फैल चुका है। दुनिया के विभिन्न देशों में रहने वाला सनातनी भाजपा और उनके संगी-साथियों के कृत्यों से हो रही बदनामी की वजह से शर्मसार हैं और इसलिए आहत भी कि उन्होंने भी मंदिर में दान-चंदा भिजवाया था या स्वयं आकर चढ़ाया था। इस प्रकरण से विश्व में सनातन समाज आक्रोशित है, क्योंकि धर्म के साथ देश को भी भाजपा के अधर्मियों के कारण अपयश का शिकार होना पड़ रहा है।

## ट्रक और क्रूजर में टक्कर, 6 की मौत



**कन्नडा।** कर्नाटक के उत्तर कन्नडा जिला से दर्दनाक हादसे की खबर सामने आ रही है। यहां एक सड़क हादसे (ट्रक और क्रूजर कार के बीच टक्कर) में 6 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, हादसे में 3 लोग घायल बताए जा रहे हैं। इस हादसे ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। आइए जानते हैं कि कैसे हुआ ये हादसा और अब तक हादसे को लेकर क्या जानकारी सामने आई है।

दरअसल, ये पूरा हादसा कर्नाटक के उत्तर कन्नडा जिले में यल्लापुरा तालुका के अराबैल घाट पर सामने आई है। यहां एक ट्रक और क्रूजर कार के बीच भीषण टक्कर हुई, जिसमें 6 लोगों की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार, धारवाड़ से अंकोला की ओर एक क्रूजर गाड़ी में कुल 9 लोग यात्रा कर रहे थे। वे बुधवार (8 जुलाई) की रात धर्मस्थला और चिकमगलूर की यात्रा पर निकले थे। लेकिन, जब वे अराबैल घाट के बालगर इलाके में पहुंचे, तो क्रूजर और सामने से आ रहे ट्रक के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि इस हादसे में 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि क्रूजर गाड़ी पूरी तरह पिचक गई। मृतकों के शवों को येल्लापुर सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है। इस घटना के संबंध में येल्लापुर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

# अमेरिका का ईरान के 90 ठिकानों पर हमला

## हमले में तीन की मौत, ट्रम्प ने वीडियो शेयर कर कहा- मैं ईरान की हिटलिस्ट में सबसे ऊपर

**वाशिंगटन/तेहरान।** अमेरिका ने बुधवार रात ईरान पर फिर एयरस्ट्राइक की है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने दावा किया कि उसने ईरान के करीब 90 सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। इनमें एयर डिफेंस सिस्टम, मिसाइल-ड्रोन स्टोरेज साइट, निगरानी ठिकाने, नौसैनिक ठिकाने और सैन्य लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर शामिल हैं।

उधर, ईरान ने बताया कि खुजेस्तान प्रांत के अहवाज शहर के बाहरी इलाके में हुए हमले में 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हुए हैं। स्थानीय प्रशासन के मुताबिक राहत और बचाव अभियान जारी है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एयर फोर्स वन में पत्रकारों से कहा कि उन्हें हर समय खतरा रहता है। उन्होंने कहा किया, मैं ईरान की हिटलिस्ट में सबसे ऊपर हूं। ट्रम्प ने दावा किया कि ईरान समझौता चाहता है, लेकिन उसे इस बात पर भरोसा नहीं कि तेहरान समझौते का पालन करेगा। अमेरिका का कहना है कि ताजा हमलों का मकसद होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों पर हमले की ईरान की क्षमता को कमजोर करना है। वहीं ईरान ने इन हमलों की जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दी है।





**अमेरिकी हमले के बाद तेहरान-मशहद ट्रेन सेवा बंद**

अमेरिकी हमले के बाद ईरान ने तेहरान-मशहद रेलवे लाइन पर यात्री ट्रेन सेवाएं अस्थायी रूप से बंद कर दी हैं। ईरान रेलवे के मुताबिक, हमले में रेलवे लाइन का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, जिसके बाद यह फैसला लिया गया। रेलवे प्रशासन ने बताया कि मौके पर तकनीकी और ऑपरेशन टीमें भेज दी गई हैं और ट्रैक की मरम्मत का काम जारी है। अधिकारियों का कहना है कि रेल सेवा जल्द से जल्द बहाल करने की कोशिश की जा रही है। जिन यात्रियों की यात्रा प्रभावित हुई है, उन्हें सड़क मार्ग से मशहद पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है।

**ईरान ने अमेरिका को पलटवार की धमकी दी**

ईरान ने अमेरिका को चेतावनी दी है कि अगर हमले जारी रहे तो उसका करारा जवाब दिया जाएगा। ईरानी संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने पर लिखा, हमला करोगे तो जवाब भी मिलेगा। गालिबाफ ने कहा कि अब अमेरिका की धमकियां और वादाखिलाफी बिना कीमत चुकाए नहीं रहेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि होर्मुज स्टेट अमेरिकी दबाव से नहीं, बल्कि ईरान की शर्तों पर ही खुलेगा।

**ट्रम्प बोले- ईरान से सीजफायर खत्म:** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि ईरान के साथ हुआ सीजफायर समझौता अब खत्म हो चुका है और अब वह ईरान से कोई डील नहीं करना चाहते।

**ईरान बोला- बेहरीन और कुवैत में 85 ठिकानों को निशाना बनाया:** ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने दावा किया कि उसने बहरीन और कुवैत में 85 अमेरिकी सैन्य ठिकानों को मिसाइल और ड्रोन से निशाना बनाया। इसमें अमेरिकी फिफ्थ फ्लीट मुख्यालय और अली अल-सलेम एयर बेस भी शामिल बताए गए। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि धमकियों के माहौल में अमेरिका से कोई बातचीत या समझौता नहीं होगा, पहले अमेरिका को पुराने समझौतों का सम्मान करना होगा।

## मक्के के खेत में करंट आने से चाचा-भतीजे की दर्दनाक मौत

**प्रयागराज।** जिले में एक दर्दनाक मामला सामने आया है, जहां पर मक्के के खेत में करंट की चपेट में आने से चाचा-भतीजे की दर्दनाक मौत हो गई। गंगानगर जोन के बहरिया थाना क्षेत्र के खलसा गांव में 29 साल के कमलेश कुमार यादव धान की बेहन निकालने खेत गए थे। इसी दौरान उनका 14 साल का भतीजा अर्पित यादव भी वहां पर पहुंचा जिसमें वह करंट की चपेट में आ गया। अपने भतीजे को बचाने पहुंचे चाचा भी करंट की चपेट में आ गए जिसके चलते दोनों की मौत हो गई। मृतक कमलेश कुमार बीए करने के बाद शहर में नौकरी करने की तैयारी कर रहा था जबकि अर्पित यादव मिझूरा में कक्षा सात का छात्र था। पुलिस ने इस मामले की सूचना मिलने के बाद आरोपी नागेन्द्र सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मृतक कमलेश कुमार धान की रोपाई के लिए खेत में धान की बेहन निकालने का कार्य चल रहा था। इसी दौरान पास के मक्का के खेत के चारों ओर लगाए गए बिजली के करंट प्रवाहित तार की चपेट में उसका भतीजा अर्पित यादव आ गया। भतीजे की चीख सुनकर बचाने पहुंचे उनके चाचा कमलेश कुमार भी करंट की चपेट में आ गए।

# मेरठ में दलित छात्रा की मौत पर बवाल

**मेरठ।** दलित छात्रा ललिता गौतम हत्याकांड को लेकर भारी बवाल हुआ है। छात्रा को इंसाफ दिलाने के लिए हो रही महापंचायत में बाहर के उपद्रवी पहुंच गए। इन उपद्रवियों ने प्रदर्शनकारियों को उकसाने की कोशिश की। लेकिन पुलिस ने उपद्रवियों पर डंडे बरसाकर उनकी साजिश को नाकाम कर दिया। इस दौरान एसएसपी अविनाश पांडेय खुद एक शख्स पर थप्पड़ बरसाते हुए नजर आए। पुलिस के मुताबिक मेरठ कलेक्ट्रेट के बाहर हुए प्रोटेस्ट को कुछ ऐसे उपद्रवियों ने उकसाया जो दूसरे जिले से मेरठ आए थे और उन पर पहले से ही कई केस दर्ज हैं।



पुलिस ने इस मामले में 13 उपद्रवियों पर एफआईआर दर्ज किया है जिनमें से 6 को गिरफ्तार किया जा चुका है। बाकी उपद्रवियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें छापेमारी कर रही हैं।

जानकारी के मुताबिक, ललिता गौतम की हत्या के आरोपियों को सजा दिलाने की मांग को लेकर कल महापंचायत का आयोजन हुआ था लेकिन भीड़ ने कलेक्ट्रेट के गेट को बंद कर दिया। वे गेट पर धरने पर बैठ गए और हंगामा करने लगे। प्रदर्शनकारी मेरठ के डीएम को बुलाने पर अड़े थे जिसके बाद एक्शन में आए मेरठ के एसएसपी ने खुद मोर्चा संभाला। उन्होंने माइक के जरिए प्रदर्शनकारियों को सड़क से हटने की अपील की। उसके बाद भी भीड़ नहीं हटी तो पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया। मेरठ के एसएसपी अविनाश पांडेय ने खुद उपद्रवियों को थप्पड़ मारे।

# भारत-ऑस्ट्रेलिया में डिफेंस-यूरेनियम समेत कई क्षेत्रों में डील

## मोदी बोले- भारत-ऑस्ट्रेलिया का रिश्ता क्रिकेट जैसाः वनडे जैसा फोकस, फैसलों में टी20 जैसी रफ्तार

**मेलबर्न।** पीएम मोदी ने गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच डेलिगेशन लेवल की बातचीत हुई। दोनों देशों के बीच रक्षा, व्यापार, निवेश, ऊर्जा, शिक्षा, साइबर सुरक्षा, स्पेस और महत्वपूर्ण खनिज (क्रिटिकल मिनरल्स) समेत कई क्षेत्र में अहम समझौता हुए।

पीएम मोदी ने जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- भारत और ऑस्ट्रेलिया के रिश्तों की एक कूटनीतिक भाषा क्रिकेट भी है। हमारी मुलाकातें क्रिकेट की तरह होती हैं। एजेंडे में वनडे जैसा फोकस है, फैसले टी-20 की तरह तेजी से होते हैं और हमारी साझेदारी टेस्ट मैच की तरह लंबी और मजबूत है। भारत-ऑस्ट्रेलिया भरोसेमंद साझेदार- दुनिया में अनिश्चितता और ऊर्जा संकट के बीच भारत और ऑस्ट्रेलिया को भरोसेमंद साझेदार के रूप में साथ आगे बढ़ना चाहिए। क्लीन एनर्जी और न्यूक्लियर सेक्टर पर जोर- भारत 2030 तक 500 जीडब्ल्यू रिन्यूएबल एनर्जी और 2047 तक 100 जीडब्ल्यू परमाणु ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य हासिल करेगा। इसमें ऑस्ट्रेलिया की तकनीक और यूरेनियम अहम भूमिका निभा सकते हैं। निवेश के बड़े अवसर- भारत के पोर्ट, एयरपोर्ट, सड़क, रेलवे, इंफ्रास्ट्रक्चर, एआई सेमीकंडक्टर और डेटा सेंटर जैसे क्षेत्रों में ऑस्ट्रेलियाई निवेशकों के लिए बड़ी संभावनाएं हैं।






राज्य-से-राज्य साझेदारी का प्रस्ताव- पीएम ने दोनों देशों के राज्यों, छोटे शहरों, विश्वविद्यालयों और उद्योगों के बीच स्टेट-टू-स्टेट और सेक्टर-टू-सेक्टर साझेदारी बढ़ाने का सुझाव दिया। बिजनेस साझेदारी को नई ऊंचाई देने का संकल्प- पीएम ने कहा कि समझौते के बाद भारत का ऑस्ट्रेलिया को निर्यात दोगुना हुआ। अब दोनों देश व्यापक व्यापार समझौते और बिजनेस पार्टनरशिप को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। RNI Registration No., UPHIN/2021/88376। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार। E MAIL newsnextindianni@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )



# बारिश में खूब भीगा आगरा

## 24 घंटे में हुई 70 एमएम बारिश आज भी सुबह से छाए काले घने बादल

एनएनआई

**आगरा।** मंगलवार शाम से शुरू हुआ बारिश का सिलसिला बुधवार रात तक जारी रहा। रुक-रुक कभी तेज तो भी रिमझिम बारिश की फुहार पड़ती रहीं। गुरुवार सुबह से बादल छाये हुए हैं। हवा शांत है। बारिश के बाद आगरा का मौसम सुहावना हो गया है। मौसम विभाग ने गुरुवार को भी भारी बारिश की संभावना जताई है।

बुधवार को दिनभर में 70 एमएम बारिश हुई। इधर, तापमान में भी गिरावट आई है। मंगलवार की तुलना में बुधवार को अधिकतम तापमान में 4.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान में 4 डिग्री सेल्सियस की कमी आई। बुधवार को अधिकतम तापमान 28.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



आगरा के लोग भीषण उमसभरी गर्मी से जूझ रहे थे। मंगलवार शाम को मौसम ने करवट ली। तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी हुई। इसके बाद मंगलवार रातभर रुक-रुक कर बारिश होती रही। बुधवार सुबह से ही बारिश झड़ी शुरू हो गई थी। इसके चलते शहर में कई जगह जलभराव हो गया। सड़कों और गलियों में पानी भर गया। कई जगह तो 2 से 3 फीट तक जलभराव हो गया। यहां तक कि वीआईपी रोड कही जाने वाली खेरिया मोड़-अजीत नगर गेट रोड पर भी घंटों पानी भरा रहा। सड़कों से पानी निकल पाता, इससे पहले ही शाम को फिर से बारिश का सिलसिला शुरू हो गया। रात लगभग 10 बजे झमाझम बारिश हुई। गुरुवार तड़के तक रुक-रुक कर बारिश होती रही। गुरुवार सुबह से बादल छाये हुए हैं। बुधवार को इस सीजन की पहली बार मूसलाधार बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार, गुरुवार को भारी बारिश की संभावना है। इसके बाद 10 जुलाई से बादल छाये रहेंगे लेकिन बारिश के आसार नहीं हैं।

# मथुरा में बारिश बनी आफतः बैरिकेडिंग कर बंद किए अंडरपास, पानी में डूबे वाहन, जलभराव से जूझते रहे लोग

एनएनआई

**मथुरा।** तेज बरसात में शहर के नाले-नालियां उफान मारने लगे और जगह-जगह भीषण जलभराव हो गया। कई स्थानों पर पानी भर जाने के कारण आवागमन बाधित हो गया। नए बस स्टैंड पर निर्माण कार्य ने राहगीरों की मुश्किलें और बढ़ा दी। अंडरपास के नीचे कई फीट पानी भर गया, गुजरते समय कई वाहन डूब गए। अंडरपास पर जेसीबी से बैरिकेडिंग करके आवागमन बंद किया गया।

दो बजे के बाद दिनभर रुक-रुक कर बारिश होती रही। तेज धूप और उमस भरी गर्मी के साथ लोगों की सुबह हुई। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया उमस और बढ़ती गई। करीब दो बजे अचानक मौसम ने करवट बदली और बादलों की आवाजाही शुरू हो गई। थोड़ी देर बाद तेज बारिश शुरू हो गई। आधे घंटे की वर्षा में शहर के भूतेश्वर अंडरपास पर कई फीट पानी भर गया।

नगर निगम ने जेसीबी से बैरिकेडिंग कराकर आवागमन बंद कराया गया। इसी तरह नया बस स्टैंड रेलवे पुल के नीचे भी पानी भर जाने के कारण आवागमन बंद किया गया और पंप सेट लगाकर जलनिकासी का कार्य शुरू हुआ। नए बस स्टैंड



रेलवे पुल पर नई रेल लाइन बिछाने का कार्य चल रहा है। नए बस स्टैंड पर निर्माण कार्य ने राहगीरों की और मुसीबत बढ़ा दी। आवागमन बंद होने से राहगीरों को इधर-उधर से निकलना पड़ा। बारिश से श्रीजी बाबा आश्रम, कृष्णा नगर, शंकर विहार, राधिका विहार, महोली रोड, छत्ता बाजार, चंदनवन समेत कई निचले इलाके जलमग्न हो गए। हालांकि बारिश बंद होने के कई घंटे बाद यातायात व्यवस्था पटरी पर लौटी और आवागमन सुचारू किया।

इधर, बारिश के बाद शहर की यातायात व्यवस्था चरमरा गई। शहर के अंदर मार्गों और चौराहों पर जाम लग गया, जिससे राहगीरों को घंटों परेशानी का सामना करना पड़ा। जलभराव और धीमी रफ्तार से चलते वाहनों के कारण कई इलाकों में यातायात रेंगता नजर आया। भूतेश्वर अंडरपास और नए बस स्टैंड रेलवे पुल के नीचे जलभराव होने से यातायात रोकना पड़ा। इसके चलते वाहनों का दबाव वैकल्पिक मार्गों पर बढ़ गया। होली गेट, डीग गेट, कृष्णा नगर, महोली रोड, भूतेश्वर चौराहा, छत्ता बाजार और आसपास के मार्गों पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने प्रमुख चौराहों पर मोर्चा संभालकर वाहनों को व्यवस्थित ढंग से निकालने का प्रयास किया, लेकिन अधिक दबाव के कारण स्थिति देर शाम तक पूरी तरह सामान्य नहीं हो सकी।

# मुड़िया पूर्णिमा मेलाः नौ जोन बनाए, 10 पेट्रोलिंग पार्टियां होंगी तैनात



एनएनआई

**मथुरा।** गोवर्धन में विश्व प्रसिद्ध मुड़िया पूर्णिमा (करोड़ी) मेले को सकुशल और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और सुगम आवागमन को लेकर गोवर्धन तहसील परिसर में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक को संबोधित करते हुए कमिश्नर नागेंद्र प्रताप ने कहा कि मुड़िया पूर्णिमा मेले में देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसे में उनकी सुरक्षा और सुविधा प्रशासन की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और मेले से पहले सभी व्यवस्थाओं को पूरी तरह दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए पेयजल, बिजली, स्वच्छता, चिकित्सा सुविधा, यातायात व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## सुभाष बाजार में नाले में समाई दो मंजिला दुकान, 5 को बचाया



# सुबह फिर शुरू हुआ रेस्क्यू महिला का नहीं लगा सुराग

एनएनआई




आगरा। सुभाष बाजार में बुधवार दोपहर करीब 1 बजे को नाले में 2 मंजिला दुकान समा गई। मलबे में 60 साल की गंगा देवी समेत 6 लोग दब गए। व्यापारियों और राहगीरों ने मलबा हटाकर 5 घायलों को बाहर निकाल लिया। लेकिन गंगादेवी का पता नहीं चल सका है। उनकी तलाश में अग्निशमन, एसडीआरएफ, नगर निगम और पीएसी की टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। बुधवार दोपहर 2.30 बजे से रात लगभग 1 बजे तक रेस्क्यू चला। मगर महिला का पता नहीं चल सका। गुरुवार सुबह लगभग 6 बजे फिर से सभी टीमें महिला की तलाश में जुट गई हैं। गंगा देवी की तलाश में 20 घंटे से रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है। सहायक नगर आयुक्त अशोक प्रिय गौतम ने बताया-महिला की तलाश में फिर से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। जब तक महिला का सुराग नहीं लग जाता, तब तक अभियान जारी रहेगा।

आगरा के सुभाष बाजार में बारिश के दौरान बुधवार दोपहर जामा मस्जिद के पास क्षतिग्रस्त लिंटर ढहने से दो मंजिला कपड़े की दुकान भरभराकर नाले में समा गई। मलबे में व्यापारी, उनका पौत्र, एक कर्मचारी के अलावा खरीदारी करने आईं लखनऊ में तैनात सिपाही अनीता, उनकी मां गंगा देवी (60) और डेढ़ साल की बेटी अनन्या दब गई। व्यापारियों और राहगीरों ने मलबा हटाकर महिला सिपाही सहित पांच घायलों को बाहर निकाल लिया लेकिन गंगादेवी का पता नहीं चल सका। देर रात के बाद महिला सिपाही की मां को तलाशने के लिए सुबह से रेस्क्यू ऑपरेशन फिर शुरू कर दिया गया। एसडीआरएफ, दमकल के अलावा नगर निगम की टीम भी मौके पर पहुंच गई है। दुकान में दरार आ रही थी। इस संबंध में डेढ़ महीने पहले नगर आयुक्त को ज्ञापन देकर दुकान और नाले की मरम्मत की मांग की थी लेकिन सुनवाई नहीं हुई। इस कारण दुकान का कुछ हिस्सा खाली कर दिया था और बाहर बैठकर ही व्यापार करते थे। कुछ माल गोदाम में रख दिया था।

## डायमंड स्टोर में चोरीः लाखों के जेवरात ले गए चोर

### सीसीटीवी में कैद हुए संदिग्ध; पुलिस जांच में जुटी




एनएनआई

आगरा। फतेहाबाद रोड पर सागा इंपोरियम में डायमंड ज्वैलरी स्टोर के ताले तोड़कर दो चोरों ने लाखों के जेवर चोरी कर लिए। सुबह दुकान खोलने पहुंचे कर्मचारियों ने पुलिस को सूचना दी। सीसीटीवी में चोर जाते दिख रहे हैं। पुलिस चोरों की तलाश में जुटी हुई है। फतेहाबाद रोड स्थित सागा इंपोरियम में जीवा डायमंड ज्वैलरी नाम से स्टोर है। स्टोर के सीनियर फ्लोर कंसल्टेंट अलीगढ़ निवासी हरीश कुमार ने बताया कि मंगलवार रात 10:20 पर वह स्टोर बंद कर गए थे। बुधवार सुबह 10 बजे जब स्टोर खोलने पहुंचे तो स्टोर के ताले टूटे मिले। पुलिस को सूचना दी गई। सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग देखने पर सुबह 4 बजे दो चोर वारदात को अंजाम देते दिखे हैं। चोरों ने स्टोर में डिस्प्ले के लिए रखे हुए 150 पीस सोने के और 32 पीस चांदी के जेवर चोरी किए हैं। इनका हिसाब और कीमत खातों की जांच कर पता चलेगी।

डीसीपी सिटी सय्यद अली अब्बास ने बताया कि चोर कुछ जेवर चोरी कर ले गए हैं। काफी माल स्टोर में मिला है। सीसीटीवी में दिख रहे चोरों के बारे में सुराग मिले हैं। पुलिस टीम उनकी गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

## मिलता रहेगा पानी, बारिश से टाली गई पाइपलाइन की शिफ्टिंग

आगरा एनएनआई। जलकल विभाग ने बिजलीघर पर शिवाजी मार्केट के पास नाले से गुजर रही पाइपलाइन की शिफ्टिंग कार्य को फिलहाल टाल दिया है। इसकी वजह से बृहस्पतिवार सुबह से दो दिनों के लिए जलापूर्ति ठप नहीं होगी। शहर में पानी की आपूर्ति होती रहेगी। बारिश और सुभाष बाजार में हुए हादसे के कारण शिफ्टिंग का काम टाला गया है। दरअसल, इसी जगह से बचाव के लिए वाहन निकल रहे हैं। जलकल विभाग के महाप्रबंधक कुमार गौरव ने बताया कि बृहस्पतिवार को शुरू होने वाला शिफ्टिंग कार्य टाल दिया गया है। पानी की आपूर्ति सुचारु रहेगी।


### वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

\- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।


## पुरानी रंजिश में युवक की हत्या, तीन दोषियों को उम्रकैद

### कोर्ट ने लगाया 2.52 लाख का जुर्माना

एनएनआई

आगरा। रंजिश में युवक की गोली मारकर हत्या और अन्य आरोपों के मामले में अदालत ने थाना खंदौली क्षेत्र के गांव धींगरौली निवासी ईश्वरचंद, वीके शर्मा उर्फ शिवम और अमरजीत सहित तीन को दोषी पाया। एडीजे फास्टट्रैक कोर्ट (प्रथम) यशवंत कुमार सरोज ने आजीवन कारावास के साथ 2.52 लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई। थाना खंदौली में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, धींगरौली निवासी श्रीनिवास शर्मा ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि 20 मार्च, 2020 की दोपहर उनका पुत्र संदीप शर्मा, भाभी वीनू शर्मा और 11 वर्षीय भतीजे शिवम के साथ खंदौली से दवा लेकर अपने घर आ रहा था। पुरानी रंजिश में गांव के रास्ते में आरोपी ईश्वरचंद ने पुत्र के सिर में डंडा मारकर बाइक से तीनों को गिरा दिया। इस दौरान वीके शर्मा उर्फ शिवम ने आकर पुत्र संदीप शर्मा को गोली मार दी। आरोपियों ने किसी को बताने पर भाभी वीनू शर्मा को जान से मारने की धमकी दी। गांव के अन्य लोगों कि मदद से पुत्र को अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने ईश्वरचंद और वीके शर्मा उर्फ शिवम के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। 21 मार्च, 2020 को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, वहां से जेल भेजा था। विवेचना के दौरान आरोपी अमरजीत का नाम सामने आया। तब आपराधिक षड्यंत्र की धारा बढ़ाई गई। 30 मई, 2020 को उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा था। अभियोजन की तरफ से वादी श्रीनिवास शर्मा, घटना के प्रत्यक्षदर्शी और अहम गवाह उनकी भाभी वीनू शर्मा, भतीजे शिवम शर्मा, पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर सुधीर कुमार, थानाध्यक्ष अरविंद सिंह, विवेचक बहादुर सिंह सहित 10 गवाह अदालत में पेश किए गए।

## 50 हजार का इनामी पुलिस ने दबोचा

एनएनआई



आगरा। कोलकाता में 14 वर्ष पहले कोलकाता में हुई डकैती के मामले में गिरफ्तारी के बाद पुलिस टीम को गच्चा देकर एत्मादपुर क्षेत्र से भागे 50 हजार के इनामी को मंगलवार को एत्मादपुर पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। वह कैब चला रहा था। पुलिस को गोपनीय सूचना मिली थी। इस पर टीम ने छापा मारा। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। एसीपी देवेश सिंह ने बताया कि वर्ष 2012 में कोलकाता, पश्चिम बंगाल में डकैती की घटना हुई थी। शोरूम में घुसे बदमाश सोने और हीरे के जेवरात लूटकर ले गए थे। घटना के खुलासे के लिए स्पेशल टीम बनाई गई थी। घटना में सफारी गाड़ी का प्रयोग हुआ था। कुछ दिन बाद एक आरोपी सुनील को पकड़ा गया था। यह बिहार के गोपालगंज स्थित गांव निचुआ जलालपुर का रहने वाला था। आरोपी को पुलिस टीम दिल्ली से गिरफ्तार कर माल सहित कोलकाता ले जा रही थी। बक्से में 1 किलोग्राम सोना और हीरे भी थे। पुलिस टीम एत्मादपुर क्षेत्र में हाईवे किनारे एक ढाबे पर खाना खाने के लिए रुकी थी। आरोपी सुनील कुमार पुलिस की गाड़ी में ही बैठा था। पुलिस कर्मी खाना खा रहे थे। तभी आरोपी पुलिस की गाड़ी लेकर भाग गया था। सूचना पर आई एत्मादपुर पुलिस ने पीछा किया था। टूंडला क्षेत्र में गाड़ी छोड़कर भाग गया था। माल बरामद किया गया था। पुलिस टीम को सम्मानित किया गया था। तब से सुनील कुमार वांछित चल रहा था। इस मामले में प्राथमिकी भी दर्ज हुई थी। उस पर वर्ष 2018 में 25 हजार रुपये का इनाम घोषित हुआ। वर्तमान में 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया। उसकी गिरफ्तारी के लिए सर्विलांस के साथ ही एसओजी को लगाया गया था।

मंगलवार रात को मुखबिर से सूचना मिलने के बाद आरोपी सुनील को दिल्ली के निगम बौद्ध घाट पार्किंग थाना कश्मीरी गेट से पकड़ लिया गया। वर्तमान में उसने अपना नाम विक्की रख लिया था। कैब चालक बन गया था। लोगों को एक शहर से दूसरे शहर में पहुंचाता था। वह मोहन गार्डन, सैनिक बिहार, फेस 3, थाना नरोला नई दिल्ली में रह रहा था। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
पत्रकारिता हमारा धर्म
निष्पक्षता हमारी पहचान
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा
www.nnindianews.com
गुरुवार, 09 जुलाई, 2026


### भाजपा पर सांसद सनातन पांडेय का हमला

# रोजगार, महंगाई और निजीकरण के मुद्दे उठाए

**ब्राह्मण समाज को सम्मान देने का किया दावा**

**आगरा (एनएनआई)।** समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर बुधवार को बलिया के सांसद सनातन पांडेय की उपस्थिति में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ऊदल सिंह कुशवाहा ने की, जबकि संचालन जिला महासचिव संतोष पाल बघेल ने किया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सांसद सनातन पांडेय ने केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा, 2014 में चाय बेचने वाला आज पूरा देश बेचने में लगा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सार्वजनिक संपत्तियों के निजीकरण से जनता का विश्वास टूटा है। उन्होंने कहा कि रोजगार देने के वादे पूरे नहीं हुए, युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं, किसान परेशान हैं और महंगाई लगातार बढ़ रही है।



#### ब्राह्मण समाज और राम मंदिर का भी उठाया मुद्दा

सांसद ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में ब्राह्मण समाज की उपेक्षा हुई है, जबकि समाजवादी पार्टी ने हमेशा सम्मान देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि मुलायम सिंह यादव ने ब्राह्मण समाज को सम्मान दिया और अखिलेश यादव ने माता प्रसाद पांडेय को नेता प्रतिपक्ष बनाकर सम्मानित किया। राम मंदिर निर्माण को लेकर भी उन्होंने भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि मंदिर निर्माण के लिए श्रद्धालुओं ने आस्था के साथ सहयोग दिया था, लेकिन धन के उपयोग को लेकर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। उन्होंने कहा, "जो लोग पहले 'मैं भी चौकीदार' कहते थे, उन्हें अब जनता को जवाब देना चाहिए। वोट चोर अब चंदा चोर बन गए हैं।" उन्होंने कहा, भाजपा के लोग राम के मंदिर से चोरी कर लें और हनुमान जी को रैली में नचाएँ, यह उनकी आस्था और आचरण के बीच का अंतर दिखाता है।

#### 2027 चुनाव को लेकर किया दावा

सांसद सनातन पांडेय ने कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में ब्राह्मण समाज बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के साथ खड़ा होगा। उन्होंने दावा किया कि पार्टी ब्राह्मण समाज को अधिक से अधिक प्रतिनिधित्व और सम्मान देगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में आगरा जनपद में ब्राह्मण समाज को तीन टिकट दिए गए थे, जबकि वर्ष 2012 में समाजवादी पार्टी सरकार में तीन नेताओं को मंत्री बनाया गया था। प्रेस वार्ता में फिरोजाबाद के जिलाध्यक्ष शिवराज सिंह यादव, मथुरा के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह यादव, मथुरा महानगर अध्यक्ष रितु गोयल, सरोज शर्मा, सिरसागंज के पूर्व चेयरमैन पंडित भारत भूषण, प्रदेश सचिव मथुरा, प्रदेश सचिव राहुल चतुर्वेदी, जिला महासचिव संतोष पाल बघेल, राजपाल यादव, पवन प्रजापति, राजेश शर्मा, सुधीर दुबे, पिंकी त्यागी, पुष्पेंद्र शर्मा, मनोज शर्मा, हरिशंकर शर्मा, नितिन कोहली सहित समाजवादी पार्टी के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महिला बंदियों को बताए गए विधिक अधिकार

**जिला कारागार में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित**

- निःशुल्क विधिक सहायता और महिला संरक्षण कानूनों की दी जानकारी

एनएनआई




**आगरा।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जिला कारागार की महिला बैरक में मंगलवार को विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में महिला बंदियों को उनके संवैधानिक एवं विधिक अधिकारों की जानकारी दी गई। शिविर के दौरान निःशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत, महिला संरक्षण संबंधी कानून, घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, महिलाओं और बच्चों के अधिकारों सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि आर्थिक अथवा अन्य कारणों से न्याय प्राप्त करने में असमर्थ लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से निःशुल्क अधिवक्ता और विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। कार्यक्रम में महिला बंदियों की समस्याओं और जिज्ञासाओं को सुना गया तथा उनके विधिक समाधान के संबंध में आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया। इस दौरान कारागार में महिला बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में स्वच्छ एवं सुरक्षित आवास, शुद्ध पेयजल, भोजन, चिकित्सा सुविधा, स्वच्छता व्यवस्था, परामर्श सेवाएं तथा दैनिक उपयोग की वस्तुओं की उपलब्धता का जायजा लिया गया। महिला बंदियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और गरिमापूर्ण जीवन के लिए की जा रही व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में संजय कुमार मलिक के मार्गदर्शन में कारागार अधीक्षक हरिओम शर्मा, उप कारापाल अंजनी कुमार, मेघा तथा कारागार कर्मचारी उपस्थित रहे।



# सैन्य संचार तकनीक देश की सुरक्षा की रीढ़ : कर्नल दीपक

## संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में कैडेटों को दिया व्याख्यान

- हथियार संचालन, तंबू स्थापना और परेड का कराया अभ्यास

एनएनआई



**आगरा।** वन यूपी बटालियन एनसीसी द्वारा श्रीराम आदर्श महाविद्यालय, पनवारी में आयोजित दस दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में बुधवार को सैन्य संचार तकनीक विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। शिविर के कमांडिंग अधिकारी कर्नल दीपक जुयाल ने कैडेटों को सैन्य संचार प्रणाली की उपयोगिता और महत्व से अवगत कराया। कर्नल जुयाल ने कहा कि संचार तंत्र किसी भी संगठन का महत्वपूर्ण अंग है और सेना में इसकी भूमिका अत्यंत अहम होती है। उन्होंने प्राचीन काल में कबूतरों के माध्यम से संदेश भेजने से लेकर आधुनिक सैन्य संचार व्यवस्था तक के विकास की जानकारी दी। विभिन्न संचार माध्यमों की सहायता से लाइन संचार, रेडियो संचार तथा उसके विभिन्न प्रकारों को सरल उदाहरणों के माध्यम से समझाया।

सूबेदार मेजर निर्मल सिंह और प्रशिक्षण जेसीओ नायब सूबेदार एच.आर. यादव ने बताया कि कैडेटों को हथियार प्रशिक्षण, तंबू स्थापना, परेड और गार्ड ऑफ ऑनर की तैयारियां कराई गईं। हवलदारों ने कैडेटों को हथियारों के संचालन का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया। शिविर में मेजर शंभूजी पांडे, कप्तान मनीष कुमार, लेफ्टिनेंट वरुण कुमार और जीसीआई संजना सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# निर्भय सागर ससंघ का ट्रांस यमुना कॉलोनी में मंगल प्रवेश

## छीपीटोला से विहार कर पहुंचे चंद्रप्रभ दिगंबर जैन मंदिर

- आज प्रातः 8:15 बजे से होंगे मंगल प्रवचन

एनएनआई



**आगरा।** पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, छीपीटोला से मंगल विहार कर आचार्य 108 निर्भय सागर ससंघ मंगलवार को ट्रांस यमुना कॉलोनी स्थित 1008 चंद्रप्रभ दिगंबर जैन मंदिर पहुंचे।

मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य अगवानी की और जगह-जगह पाद प्रक्षालन कर स्वागत किया। मंदिर में विराजमान होने के बाद दीप प्रज्ज्वलन, पाद प्रक्षालन, शास्त्र भेंट सहित विभिन्न मांगलिक कार्यक्रम संपन्न हुए। कार्यक्रम में दिगंबर जैन समिति ट्रांस यमुना कॉलोनी के पदाधिकारी एवं समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर जितेंद्र जैन 'बंटी', धर्मेंद्र जैन, राजीव जैन, मोहित जैन, विप्लव जैन, वैभव जैन, पंकज जैन, कमल जैन, प्रशांत जैन, संजीव जैन, ऋषभ जैन, ऋतिक जैन, संयम जैन, केतन जैन, सिद्ध शरण, राजेश जैन, प्रीति जैन, तृप्ति जैन, पारुल जैन, पूजा जैन, संगीता जैन और सपना जैन सहित नवदेव चरण चेतना मंच छीपीटोला के सदस्य तथा ब्रह्मचारिणी लवली और झिलमिल मौजूद रहीं। समिति के अनुसार 9 जुलाई 2026 को प्रातः 8:15 बजे से चंद्रप्रभ दिगंबर जैन मंदिर, ट्रांस यमुना कॉलोनी में मुनि संघ के मंगल प्रवचन आयोजित होंगे।

# गुरु हरिगोविंद सिंह का प्रकाश पर्व श्रद्धा के साथ मनाया

## इंदिरा कॉलोनी गुरुद्वारे में महिलाओं ने संभाली व्यवस्थाएं

- कीर्तन, अरदास और लंगर में बड़ी संख्या में संगत हुई शामिल

एनएनआई



**आगरा।** गुरुद्वारा गुरु रामदास, इंदिरा कॉलोनी शाहगंज में छठे गुरु हरिगोविंद सिंह का प्रकाश पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में संगत ने भाग लिया। मीठा खू से आए रागी जत्थे के हरजोत सिंह एवं साथियों ने कथा-कीर्तन प्रस्तुत कर संगत को गुरुवाणी का संदेश दिया। मूल मंत्र और गुरुमंत्र के पाठ से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। चेयरमैन परमात्मा सिंह अरोड़ा ने बताया कि इस बार गुरुद्वारे का संपूर्ण प्रबंधन महिलाओं को सौंपा गया। प्रधान गिन्नी कौर, सचिव गुरबख्श कौर, जसविंदर कौर, कोषाध्यक्ष जसजीत कौर, स्टोर अध्यक्ष प्रीति कौर और पूनम परयानी ने एक माह के भीतर गुरुद्वारे की साफ-सफाई, रंग-रोगन, शीतलन यंत्रों की व्यवस्था तथा निगरानी कैमरे लगवाने का कार्य कराया। लंगर की तैयारी, परोसने और वितरण की सेवा भी महिलाओं ने संभाली। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान कुलदीप सिंह लखानी को विदाई दी गई तथा विभिन्न सेवाओं में योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मानप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह खुनड्डू, राना रंजीत सिंह, मनोज नोतनानी, जगदीश सिंह, जसपाल सिंह, अमरजीत सिंह सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# यमुना किनारा मार्ग पर सुरक्षित फुटपाथ बनाने की मांग

## हाथी घाट से वाटर वर्क्स चौराहे तक दोनों ओर निर्माण की उठाई आवाज

- पैदल यात्रियों की सुरक्षा को बताया गंभीर मुद्दा

एनएनआई

**आगरा।** हाथी घाट से वाटर वर्क्स चौराहे तक यमुना किनारा मार्ग पर सुरक्षित फुटपाथ के अभाव को लेकर नगर निगम से दोनों ओर चौड़ा, सुरक्षित और अतिक्रमण मुक्त फुटपाथ बनाने की मांग की गई है। इसे जनसुरक्षा से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय बताया गया है। नगर आयुक्त को भेजे गए पत्र में रिवर कनेक्ट अभियान के संयोजक बृज खंडेलवाल ने कहा है कि इस मार्ग का प्रतिदिन हजारों नागरिक, वरिष्ठ नागरिक, महिलाएं, बच्चे, पर्यटक तथा सुबह-शाम सैर करने वाले लोग उपयोग करते हैं। फुटपाथ न होने के कारण लोगों को तेज रफ्तार वाहनों के बीच सड़क पर चलना पड़ता है, जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। पत्र में कहा गया है कि हाथी घाट से वाटर वर्क्स चौराहे तक पैदल यात्रियों के लिए सुरक्षित और व्यवस्थित फुटपाथ का पूरी तरह अभाव है। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने भी शहरी स्थानीय निकायों को नागरिकों के लिए सुरक्षित, स्वच्छ और अतिक्रमण मुक्त फुटपाथ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। बृज खंडेलवाल ने कहा कि यदि इस मार्ग पर हरित, सुंदर और सुरक्षित पैदल पथ विकसित किया जाता है तो इससे सड़क सुरक्षा मजबूत होगी, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और शहर की छवि भी बेहतर होगी। उन्होंने नगर निगम से शीघ्र दोनों ओर चौड़ा, स्वच्छ और अतिक्रमण मुक्त फुटपाथ विकसित कराने की मांग की है।



# कैशलेस चिकित्सा और डीबीटी वितरण शुरू

**1.10 करोड़ विद्यार्थियों के खातों में यूनिफॉर्म व स्टेशनरी के लिए भेजे गए 1200**

**12 लाख शिक्षकों, कर्मियों और उनके आश्रितों को मिलेगी कैशलेस इलाज की बेहतरीन सुविधा**

एनएनआई

**आगरा।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने प्रदेश के शिक्षकों, शिक्षा विभाग के कर्मचारियों और परिषदीय स्कूलों के बच्चों को एक बड़ी सौगात दी है। 'मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना' और 'डीबीटी वितरण कार्यक्रम' का प्रदेश भर में शानदार शुभारंभ किया गया। आगरा में इसका मुख्य आयोजन खंदारी स्थित आरबीएस कॉलेज के राव कृष्णपाल सिंह ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं महिला कल्याण व बाल विकास पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. मंजू भदौरिया, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत पौनिया, जिलाधिकारी मनीष बंसल और मुख्य विकास अधिकारी प्रतिभा सिंह ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर दीनदयाल हस्तकला संकुल, वाराणसी से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा योजना के शुभारंभ का सजीव प्रसारण उपस्थित अधिकारियों, शिक्षकों और अन्य प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक देखा और सुना। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों द्वारा शिक्षकों व लाभार्थियों को कैशलेस चिकित्सा प्रमाणपत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। उ.प्र. सरकार की इस ऐतिहासिक पहल के तहत बेसिक शिक्षा, माध्यमिक, संस्कृत,



व्यावसायिक विद्यालयों के शिक्षकों, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के वार्डन, अनुदेशकों और रसोइयों सहित प्रदेश के करीब 12 लाख शिक्षकों एवं उनके परिवारों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा का सीधा लाभ मिलेगा।

इसके अलावा 1.10 करोड़ विद्यार्थियों को डीबीटी के माध्यम से यूनिफॉर्म, जूता-मोजा, स्वेटर, बैग और स्टेशनरी के लिए 1200 प्रति छात्र की धनराशि उनके खातों में भेजी गई है। 10 लाख शिक्षकों व संविदा कर्मियों की सामाजिक सुरक्षा के लिए एसबीआइ के साथ एमओयू भी किया गया है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व वाली सरकार शिक्षकों, शिक्षा परिवार से जुड़े सभी कार्मिकों व उनके आश्रितों की स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। शिक्षक समाज और राष्ट्र निर्माण के प्रमुख आधार हैं।

मेरी शिक्षकों से अपील है कि वे आचार्य चाणक्य की तरह एक संस्कारवान, चरित्रवान और राष्ट्रभक्त पीढ़ी तैयार करें, जो भारत को पुनः विश्वगुरु बना सके। विद्यार्थियों को केवल किताबी शिक्षा तक सीमित न रखें, बल्कि उन्हें व्यावहारिक ज्ञान, नैतिक मूल्य और अनुशासन भी सिखाएं। जब सरकार आपको समस्त सुविधाएं दे रही है, तो आपका भी दायित्व है कि अपने छात्रों को पूरे प्रदेश में एक बेहतर मुकाम दिलाएं।

## ईदगाह रेलवे स्टेशन की पार्किंग का ठेका किया आवंटित

एनएनआई

- ई-ऑक्शन के माध्यम मसे तीन वर्षों के लिए दिया गया ठेका, रेलवे को 42.48 लाख का होगा राजस्व अर्जित

**आगरा।** ई-ऑक्शन के माध्यम से ईदगाह स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-4 की ओर स्थित सकुर्लेटिंग एरिया में मिक्स्ड पार्किंग (साइकिल, स्कूटर/मोटरसाइकिल एवं कार) का ठेका सफलतापूर्वक तीन वर्षों के लिए आवंटित किया गया। पार्किंग ठेके के अंतर्गत 840.40 वर्गमीटर क्षेत्र आवंटित किया गया है। इस ठेके से रेलवे को 12,00,000 प्रति वर्ष का वार्षिक लाइसेंस शुल्क प्राप्त होगा, जबकि तीन वर्षों की अवधि में कुल 42,48,000 का राजस्व अर्जित होगा।

इस पार्किंग सुविधा के संचालन से यात्रियों को सुरक्षित, व्यवस्थित एवं सुविधाजनक वाहन पार्किंग उपलब्ध होगी। साथ ही स्टेशन परिसर में पार्किंग व्यवस्था और अधिक सुव्यवस्थित होगी तथा आगरा मंडल के गैर-किराया राजस्व में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। जनसंपर्क अधिकारी संजय कुमार गौतम ने बताया कि आगरा मंडल द्वारा पार्किंग सुविधाओं के ठेकों के समयबद्ध आवंटन, यात्री सुविधाओं के विस्तार तथा रेल राजस्व सृजन को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

## तीन माह में 25318 गर्भवतियों की हुई प्रसव पूर्व जांच

एनएनआई

**आगरा।** जनपद में 47 स्वास्थ्य इकाइयों पर गुरुवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस (पीएमएसएमए) आयोजित होगा। एक अप्रैल 2026 से एक जुलाई तक 25318 गर्भवतियों को पीएमएसएमए दिवस पर प्रसव पूर्व जांच की जा चुकी है।

यह भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है। इसका उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण एवं निशुल्क प्रसवपूर्व देखभाल उपलब्ध कराना है। यह दिवस प्रत्येक माह की 1, 9, 16 एवं 24 तारीख को आयोजित किया जाता है। इस अभियान का उद्देश्य गर्भवती को व्यापक और गुणवत्तापूर्ण प्रसवपूर्व देखभाल उपलब्ध कराकर मातृ एवं शिशु मृत्यु दर कम करना है। गर्भावस्था



के दौरान रक्त की कमी एक गंभीर समस्या है और इसे नियंत्रित करने के लिए चार बार रक्त जांच कराना आवश्यक है। इस पीएमएसएमए दिवस पर एमबीबीएस चिकित्सक व स्त्रीरोग विशेषज्ञ द्वारा गर्भवती की जांच सुनिश्चित की जाती है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस जनपद की 47 स्वास्थ्य इकाइयों पर प्रत्येक माह में चार बार आयोजित किया जाता है। इस पीएमएसएमए दिवस के दौरान गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण, आयरन एवं कैल्शियम की गोलियों का वितरण, आयरन सुक्रोज, अल्ट्रासाउंड, यूरिन, हीमोग्लोबिन, शुगर, सिफलिस, वजन, पेट की जांच, हेपेटाइटिस बी, ब्लड प्रेशर, ब्लड ग्रुप, सीबीसी और एचआईवी, टीबी की जांच की जाती हैं। उन्होंने सभी गर्भवती महिलाओं से अपील की कि वे प्रत्येक माह आयोजित होने वाले पीएमएसएमए दिवस में आकर अपनी प्रसवपूर्व जांच अवश्य कराएं।

डिप्टी सीएमओ (आरसीएच) डॉ. सुरेंद्र मोहन प्रजापति ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस से गर्भवती को सुरक्षित मातृत्व सेवाएं प्रदान करने में मदद मिलती है और मातृ मृत्यु दर को कम करने में भी सहायता मिलती है।



## आपरेशन नारकोसः तीन महीने में 52.20 किलो गांजा जब्त, 6 आरोपी गिरफ्तार

**आगरा** एनएनआई। आगरा मंडल में यात्रियों की सुरक्षा एवं रेलवे परिसरों में कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने के उद्देश्य से ऑपरेशन नारकोस के अंतर्गत व्यापक अभियान चलाया गया। अभियान के तहत अप्रैल से जून 2026 की अवधि में कुल 14,84,174/- मूल्य का 52.20 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया तथा 06 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। रेलवे सुरक्षा बल एवं अन्य संबंधित एजेंसियों के समन्वय से संचालित इस अभियान ने मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आगरा मंडल द्वारा इस प्रकार के अभियानों को निरंतर जारी रखते हुए यात्रियों को सुरक्षित, संरक्षित एवं नशामुक्त वातावरण प्रदान करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई गई है।

## लाडो प्रोडक्शन ने पेश किया नया गीत 'राधा-राधा'

**आगरा** एनएनआई। लाडो प्रोडक्शन ने एक बार फिर नई वीडियो के माध्यम से भक्तिमय माहौल प्रस्तुत किया है। इस अवसर पर राधा रानी को समर्पित भक्ति गीत राधा राधा का निर्माण किया गया। इस गीत के निर्देशक पंकज शर्मा ने बताया कि इस प्रस्तुति के माध्यम से वे राधा रानी के प्रति प्रेम, भक्ति और समर्पण का संदेश देना चाहते हैं। "राधा राधा" के जरिए श्रद्धा, प्रेम और भक्ति की भावना को सुंदर रूप में दर्शाया गया है। इस गीत को निखिल दत्त द्वारा लिखा गया है। वीडियो में राधा रानी की भूमिका सोनाली गोला ने निभाई है। सभी कलाकारों ने अपनी-अपनी भूमिकाएं अत्यंत प्रभावशाली ढंग से निभाईं, जिससे यह प्रस्तुति और भी भव्य एवं भावपूर्ण बन गई फिल्म लेखक निर्देशक सूरज तिवारी ने गीत के लिए बधाई दी और कहा कि इस तरह के गीत ब्रज मंडल को अपने आप को बताने का काम करेंगें जिससे ब्रज सिनेमा को गति मिलेगी।






## गणपति के कारण ही भोलेनाथ कहलाए त्रिपुरारी

**आगरा** एनएनआई। 'यह भगवान गणेश ही थे जिनके कारण भगवान शिव भी त्रिपुर दहन तथा त्रिपुरासुर का वध करके त्रिपुरारी कहलाए। श्रीगोपालजी धाम, दयाल बाग में चल रही गणेश पुराण प्रवचन में कथावाचक डॉ दीपिका उपाध्याय ने जीवन को सुखी, सहज और शांत बनाने के बहुत से उपाय बताए। कथावाचक ने हिमवान तथा माता पार्वती के प्रसंग की चर्चा करते हुए राजा कर्दम तथा राजा नल के पूर्व जन्मों का वृतांत सुनाया कि किस प्रकार इन राजाओं ने भगवान श्री गणेश का गणेश चतुर्थी व्रत तथा अर्चन करके सफलताएं प्राप्त की। कथा वाचक ने आगे संकष्टी चतुर्थी भाद्रपद कृष्ण चतुर्थी तथा अंगारक चतुर्थी की कथाएं सुनाईं कि किस प्रकार धैर्य और संयम के साथ मनुष्य बड़ी बड़ी समस्यायें हल कर सकता है। फाउंडेशन की निदेशक वारिजा चतुर्वेदी ने बताया कि कल से नियमित दूर्वार्चन प्रारंभ होने वाला है, जो भक्तजन दूर्वार्चन का लाभ लेना चाहते हैं, वे ठीक प्रातः 9:00 बजे भवन में उपस्थित हों।

# फंदे से लटकी मिली नवविवाहिता, मौत

एनएनआई



**फतेहाबाद।** फतेहाबाद थाना फतेहाबाद क्षेत्र के धारापुरा गांव में बुधवार को एक विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटककर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, मृतका के मायके पक्ष ने पति पर मारपीट करने और प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

धारापुरा निवासी राहुल (24) की शादी करीब डेढ़ वर्ष पहले शमशाबाद क्षेत्र के मोहनपुर गांव निवासी आरती (22) से हुई थी। राहुल मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता है। दोनों गांव में ही परिवार से अलग रह रहे थे।

बताया गया कि बुधवार सुबह राहुल काम पर चला गया था। शाम को लौटने पर उसने कमरे का दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। दरवाजा खोलकर देखा तो आरती दुपट्टे के सहारे फंदे से लटकी हुई थी। शोर सुनकर परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। उसे नीचे उतारा गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी मिलने पर मायके पक्ष भी गांव पहुंच गया।

मृतका की मां शांतिदेवी ने आरोप लगाया कि राहुल आए दिन उनकी बेटी से झगड़ा और मारपीट करता था। करीब एक सप्ताह पहले भी दोनों के बीच विवाद हुआ था, जिसकी जानकारी आरती ने उन्हें दी थी। उन्होंने बेटी की मौत के लिए दामाद को जिम्मेदार ठहराते हुए कार्रवाई की मांग की है।

प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।



खेरागढ़ में बुधवार देर रात्रि लगातार बारिश के चलते अचानक एक पेड़ गिर पड़ा जिसके नीचे बंधी हुई एक भैंस की मौके पर ही मृत्यु हो गई। बाकी दो भैंस घायल हो गई है। किसान जितेंद्र कुमार निवासी बुरहरा ने बताया कि रात को पेड़ के नीचे उसकी तीन भैंस बंधी हुई थी जिसमें से एक भैंस की मौके पर ही पेड़ गिरने से मौत हो गई बाकी दो भैंस घायल हो गई। मौके पर पहुंची खेरागढ़ पुलिस ने घटना का जायजा लिया और पेड़ की डाल कटवा कर भैंसों को बाहर निकाला।

# छह करोड़ से होंगे तीन विकास कार्य

## रेलवे स्टेशन मार्ग चौड़ीकरण समेत सीसी सड़क को मिली मंजूरी

**फतेहपुर सीकरी** एनएनआई। पर्यटन और आधारभूत ढांचे को मजबूत करने की दिशा में आगरा विकास प्राधिकरण ने सीकरी के तीन प्रमुख विकास कार्यों के लिए करीब छह करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। इन कार्यों के पूरा होने से स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटकों को भी बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी।

विधायक चौधरी बाबूलाल ने चार अप्रैल 2026 को एडीए के उपाध्यक्ष एवं सचिव को पथकर निधि और अवस्थापना निधि से सात महत्वपूर्ण विकास कार्य कराए जाने का प्रस्ताव भेजा था। प्रथम चरण में इनमें से तीन कार्यों को मंजूरी मिल गई है। स्वीकृत कार्यों में रेलवे स्टेशन से शाहकुली तक लगभग 100 मीटर सड़क का चौड़ीकरण एवं नाली निर्माण, सतफेरा से जौताना तक सीसी सड़क का निर्माण तथा ग्वालियर गेट-मई बुजुर्ग रोड से मोहल्ला इस्लामगंज होते हुए नई आबादी मौजा कांदऊवार तक करीब 1.5 किलोमीटर लंबे कच्चे मार्ग को पक्का करने का कार्य शामिल है। विधायक चौधरी बाबूलाल ने बताया कि शेष चार प्रस्तावों को भी जल्द स्वीकृति मिलने की उम्मीद है। इनमें गब्बंस नाले का पक्कीकरण, तेरह मोरी बांध पर झील चौपाटी विकसित कर बोटिंग जैसी पर्यटन सुविधाएं शुरू करना, गुलिस्ता पार्किंग से डाक बंगला तक रोपवे का निर्माण तथा बस स्टैंड के पास शुद्ध पेयजल के लिए बोरिंग और आरओ प्लांट की स्थापना शामिल है।

# अछनेरा स्टेशन पर चला टिकट चेकिंग अभियान

**अछनेरा** एनएनआई। बुधवार को अछनेरा रेलवे स्टेशन पर बिना टिकट यात्रा करने वाले रेल यात्रियों के विरुद्ध मण्डल रेल प्रबंधक गगन गोयल के दिशा-निर्देश एवं वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक अंकित गुप्ता संजय गौतम सहायक वाणिज्य प्रबंधक के नेतृत्व में टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्रियों में हड़कंप मच गया। उक्त जांच अभियान में सीटीआई बाबू लाल,बलजीत सिंह,गुलजार मोहम्मद के अलावा अन्य टिकट जांच कर्मचारी तथा रेल सुरक्षा बल स्टाफ मौजूद रहा । जांच के अंतर्गत अछनेरा जंक्शन स्टेशन से गुजरने वाली विभिन्न ट्रेनों को चैक किया गया। जांच में 27 बिना टिकट यात्रियों से 24140/- एवं अनियमित रूप से यात्रा करने वाले 45 यात्रियों से 31840/ सहित कुल 72 यात्रियों से 55980/- रुपये का रेल राजस्व वसूल किया गया।

# विषैले कीड़े के काटने से मासूम बच्ची की तबीयत बिगड़ी

एनएनआई

**फतेहाबाद।** क्षेत्र के गुबरोठ गांव में बुधवार रात एक मासूम बच्ची को विषैले कीड़े ने काट लिया। घटना के बाद परिजन उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) फतेहाबाद लेकर पहुंचे, जहां उसका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार बच्ची की हालत में सुधार है और एहतियातन उसे निगरानी में रखा गया है।

गुबरोठ निवासी मनोज कुमार की पुत्री गौरी बुधवार रात करीब 9:30 बजे घर पर भोजन कर रही थी। पिछले दो दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण गांव में बिजली आपूर्ति बाधित थी, जिससे घर के आसपास अंधेरा था। भोजन करने के बाद जैसे ही गौरी हाथ धोने के लिए गई, तभी किसी विषैले कीड़े ने उसे काट लिया। बच्ची ने तुरंत इसकी जानकारी अपने परिजनों को दी।

परिजन बिना देर किए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहाबाद ले गए। वहां डॉक्टरों ने तत्काल प्राथमिक उपचार शुरू किया और उसे चिकित्सकीय निगरानी में भर्ती कर लिया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. अभिषेक चौहान ने बताया कि बच्ची का समय पर उपचार किए जाने से उसकी स्थिति में सुधार है। फिलहाल उसे एहतियात के तौर पर निगरानी में रखा गया है। डॉ.अभिषेक चौहान ने लोगों से बारिश के मौसम में विशेष सावधानी बरतने की अपील करते हुए कहा कि अंधेरे स्थानों पर जाने से पहले सतर्क रहें तथा किसी भी विषैले जीव या कीड़े के काटने की स्थिति में घरेलू उपचार पर निर्भर रहने के बजाय तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचकर चिकित्सकीय सहायता लें।




आगरा एनएनआई। तहसील सभागार, खेरागढ़ में उप जिलाधिकारी ऋषि राव की अध्यक्षता और मुख्य अतिथि विधायक भगवान सिंह कुशवाह की उपस्थिति में मुख्यमंत्री द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के कार्यक्रमों का सजीव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में तहसील खेरागढ़ क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों को मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के डमी कार्ड वितरित किए गए तथा विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को लेखन सामग्री किट प्रदान कर 1200 रुपए में प्राप्त सामग्री के डमी छायाचित्र भेंट किए गए। मुख्य अतिथि विधायक भगवान सिंह कुशवाहा ने अपने संबोधन में कहा कि 'शिक्षा उच्च श्रेणी का अमृत है, जो इसे ग्रहण करेगा वही जीवन में आगे बढ़ेगा। प्रत्येक व्यक्ति की उन्नति का मार्ग शिक्षा से होकर ही जाता है।'

# चेक डैम में जल निकासी गेट लगाने की मांग

एनएनआई

**फतेहपुर सीकरी।** ब्लॉक प्रमुख मंजू गुड्डू चाहर ने लघु सिंचाई विभाग से गवंश नाले पर राजस्थान सीमा के समीप बने चेक डैम में जल निकासी गेट लगवाने की मांग की है। इस संबंध में विभागीय अधिकारियों को पत्र भेजकर बरसात के दौरान होने वाले जलभराव से किसानों को राहत दिलाने की अपील की गई है।

पत्र में बताया गया है कि फतेहपुर सीकरी के उन्देरा, दूरा, टीकरी और दौरेठा क्षेत्र से होकर गुजरने वाले गंभीर नाले पर टीकरी और दौरेठा की सीमा पर करीब छह फीट ऊंचा व चार फीट चौड़ा चेक डैम बना हुआ है। इसमें जल निकासी के लिए गेट की व्यवस्था नहीं होने से बरसात के समय पानी की निकासी बाधित हो जाती है। इसके चलते आसपास के गांवों के खेत जलमग्न हो जाते हैं और किसानों की फसलें बर्बाद होने से हर वर्ष लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। ब्लॉक प्रमुख ने विभाग से मांग की है कि बरसात शुरू होने से पहले चेक डैम में स्लूइस गेट (जल निकासी द्वार) लगाया जाए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त पानी की निकासी की जा सके और बारिश के बाद गेट बंद कर जल संरक्षण भी सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने जनहित और किसान हित को देखते हुए मामले में शीघ्र कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।



## संपादकीय

# मंत्रिमंडल और संगठन दोनों में टल रहा है बदलाब

नरेंद्र मोदी सरकार में पिछले एक साल से ज्यादा समय से मंत्रिमंडल में बदलाव की चर्चा चल रही है। पिछले साल जून में सरकार के एक साल पूरे होने पर बदलाव की चर्चा शुरू हई थी और इस साल जून बीतने के बाद भी चर्चा जारी है। अब कहा जा रहा है कि संसद के मानसून सत्र के बाद सरकार में फेरबदल होगी। एनडीए की तीसरी सरकार के दो साल और नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के 12 साल का जश्न मनाया गया। अब अक्टूबर में उनके सत्ता में आने के 25 साल पूरे होंगे तो उसकी रजत जयंती का जश्न पूरे देश में मनाया जाएगा। गौरतलब है कि वे अक्टूबर 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री बने थे। सो, सारे जश्न होंगे और ऐसे हर मौके से पहले चर्चा होगी कि इसके बाद मंत्रिमंडल बदला जाएगा।असल में प्रधानमंत्री मोदी छह से 11 जुलाई तक तीन देशों की यात्रा पर हैं।वे इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के दौरे पर रहेंगे। चार दशक के बाद भारत का कोई प्रधानमंत्री न्यूजीलैंड जा रहा है। लुक ईस्ट पॉलिसी के तहत प्रधानमंत्री की यात्रा अहम है। इससे पहले वे सेशेल्स और उससे पहले जून में फ्रांस व स्लोवाकिया की यात्रा पर गए थे। मई में प्रधानमंत्री संयुक्त अरब अमीरात, नार्वे, नीदरलैंड, स्वीडन और इटली की यात्रा पर गए थे। हर यात्रा से पहले और उसके बाद मंत्रिमंडल में फेरबदल की चर्चा होती है। बहरहाल, प्रधानमंत्री मोदी 11 जुलाई को विदेश दौरे से वापस लौटेंगे और उसके बाद संसद का मानसून सत्र शुरू होने में नौ दिन का समय है। सत्र 20 जुलाई से शूरू हो रहा है और 13 अगस्त तक चलेगा। आमतौर पर संसद का सत्र चार हफ्ते का होता है लेकिन इस बार तीन हफ्ते का ही सत्र है। उसके बाद 15 अगस्त के समारोह होंगे। सो, अगर 12 से 19 जुलाई के बीच फेरबदल नहीं हुई तो इसका अर्थ होगा कि स्वतंत्रता दिवस के बाद ही मंत्रिमंडल में फेरबदल होगी।सूत्रों का कहना है कि प्रधानमंत्री नहीं चाहते हैं कि संसद के मानसून सत्र में वे नए मंत्रियों को विपक्ष के सामने उतारें। ध्यान रहे मानसून सत्र में सरकार कई ऐसे विधेयक लाने की तैयारी कर रही है, जिनको लेकर विवाद चल रहा है। संविधान के 130वें और 131वें संशोधन विधेयक को लेकर सरकार और विपक्ष आमने सामने हैं। इसके अलावा राम मंदिर में चढ़ावा चोरी से लेकर पेट्रोल में इथेनॉल मिलाने और परीक्षाओं में हो रही गड़बड़ियों को लेकर सरकार बैकफुट पर है। विपक्ष ये सारे मुद्दे संसद में उठाएगे। मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर और तृणमूल कांग्रेस व उद्धव ठाकरे की शिव सेना के टूटने का मामला भी विपक्ष संसद में उठाएगा। ऐसे में कहा जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी संसद सत्र तक पुराने मंत्रियों को रखना चाहते हैं। यह भी कहा जा रहा है कि नरेंद्र मोदी सरकार में बड़े बदलाव की तैयारी कर रहे हैं इसलिए सत्र बीतने का इंतजार करेंगे। वहीं नितिन नबीन को भाजपा का अध्यक्ष बने छह महीने हो गए।तभी से इस बात की चर्चा चल रही है कि बहुत जल्दी राष्ट्रीय संगठन में नए पदाधिकारियों की नियुक्ति होगी। लेकिन छह महीने में नितिन नबीन नई टीम नहीं बना पाए हैं।अभी हाल ही में नितिन नबीन, अमित शाह और बीएल संतोष की बैठक हुई है। इससे पहले एक बैठक राजनाथ सिंह के घर पर हुई थी। उसके बाद नितिन नबीन ने अकेले अमित शाह से मुलाकात की थी। ऐसी हर मुलाकात के बाद कहा गया कि बहुत जल्दी संगठन में फेरबदल होने जा रही है। लेकिन ऐसा लग रहा है कि भाजपा संगठन और केंद्र की सरकार दोनों में बदलाव का मामला आपस में मिल गया है और दोनों में से कोई काम नहीं हो रहा है।अब सवाल है कि अगर मंत्रिमंडल में फेरबदल संसद के मानसून सत्र के बाद होती है तो क्या संगठन में बदलाव उससे पहले हो सकता है? भाजपा के जानकार नेताओं का कहना है कि दोनों को जोड़ने की जरुरत नहीं है। यह भी कहा जा रहा है कि भाजपा ने पिछले 12 साल में बदलाव के साथ निरंतरता का सिद्धांत बनाया था। अमित शाह ने जो टीम बनाई थी वह टीम जेपी नड्डा के साथ काम करती थी और धीरे धीरे उसमें से लोग हटे। उसी तरह नड्डा की टीम अभी काम कर रही है और धीरे धीरे लोगों को हटाया जाएगा। चूंकि राष्ट्रीय अध्यक्ष 46 साल के हैं इसलिए उनसे बहुत ज्यादा उम्र और अनुभव वाले लोगों को उनकी टीम में नहीं रखा जाएगा। इसलिए सरकार से लाकर संगठन में लोगों को रखने की संभावना कम है। मौजूदा टीम में से कुछ महामंत्रियों की विदाई होगी। उनकी जगह कम उम्र के नेता महामंत्री बनाए जाएंगे। ज्यादा उम्र के नेताओं को उपाध्यक्ष बना कर कुछ जिम्मेदारी दी जाएगी।



# पहली बारिश भी क्यों नहीं झेल पाते करोड़ों के पुल और एक्सप्रेसवे जिम्मेदार कौन

**बारिश का मौसम आते ही कुछ खबरें हमें हर साल पढ़ने को मिलती हैं। जैसे मुंबई में लगातार बारिश से जनजीवन ठप पड़ा, गुरुग्राम में कुछ देर की बारिश से बड़ी-बड़ी बिल्डिंगों सोसाइटियों और सड़कों पर पानी भरा। इसी तरह बीते कुछ वक्त एक खबर और सुनाई देती है। पहली बारिश नहीं झेल सका फला एक्सप्रेस वे या बारिश में बहा निमार्णाधीन पुल। कुछ ऐसी ही खबरें इस बारिश में भी सुनाई दीं।**

ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या इसकी वजह सिर्फ बारिश की वजह से हजारों करोड़ में बने एक्सप्रेस वे धंस जाते हैं या कोई और भी वजह है? बीते वर्षों में इस तरह के कितने मामले सामने आए हैं? सरकार इस तरह के मामलों पर क्या एक्शन लेती है? विशेषज्ञ इसके लिए किसे जिम्मेदार मानते हैं? आइये जानते हैं...

महाराष्ट्र में भारी बारिश का दौर जारी है। मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे के मिसिंग लिंक पर सोमवार को भूस्खलन के चलते पुणे से मुंबई जाने वाले सभी वाहनों का रास्ता बदल दिया गया। इस मिसिंग लिंक की शुरूआत इसी साल मई में हुई थी। करीब 6,695 करोड़ रुपये की लागत से बना यह 13 किलोमीटर लंबा मिसिंग लिंक मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर सह्याद्रि की पहाड़ियों से होकर गुजरता है।

इसी तरह हाल ही में शुरू हुए दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर की सड़क भी बारिश के चलते कई जगह धंस गई। 213 किलोमीटर लंबे, छह लेन वाले दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का उद्घाटन भी इसी साल अप्रैल में हुआ था। इसे बनाने में 12,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आई है।

**क्या ऐसे मामले पहली बार आ रहे हैं?**

इसी साल फरवरी में सरकार से पूछा गया था कि बारिश की वजह से कितने नए बने एक्सप्रेसवे, सड़के और ब्रिजों को नुकसान हुआ। ऐसा होने पर सबंधित कॉन्ट्रैक्टर या एजेंसी के खिलाफ क्या कोई कार्रवाई की गई। इसके जवाब में सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय ने बताया था कि वर्ष 2025-26 के दौरान देशभर में 51 नए बने राष्ट्रीय राजमार्ग और एक्सप्रेसवे परियोजनाओं में बारिश के कारण नुकसान दर्ज किया गया। जिन 51 मामलों के बारे में सरकार ने अपने जवाब में बताया उनमें सबसे ज्यादा 13 मामले जम्मू-कश्मीर के थे। इसके बाद हिमाचल में 12, महाराष्ट्र में आठ, उत्तराखंड में सात, मध्य प्रदेश में चार, केरल और पश्चिम बंगाल में दो-दो और गुजरात, राजस्थान, पंजाब और नगालैंड में एक-एक जगह पर इस तरह के नुकसान की जानकारी सरकार ने दी।

**इसकी वजह क्या होती है?**

टोल प्लानिंग एक्सपर्ट कहते हैं कि किसी भी सड़क, एक्सप्रेसवे या पुल के निर्माण से पहले विस्तृत प्रक्रिया अपनाई जाती है। इसमें जरूरत का आकलन, डीपीआर (डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट), बजट स्वीकृति, जमीन अधिग्रहण, पर्यावरण मंजूरी, टेंडर प्रक्रिया, निर्माण और गुणवत्ता जांच जैसे कई चरण शामिल होते हैं। इसलिए यदि किसी परियोजना में शुरूआती बारिश में ही सड़क धंसने, भूस्खलन या अन्य तरह की क्षति होती है, तो केवल भारी बारिश को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। उनके मुताबिक कई बार इसकी वजह निर्माण की गुणवत्ता में कमी, जल निकासी (ड्रेनेज) की कमजोर व्यवस्था, ढलानों की पर्याप्त सुरक्षा न होना या परियोजना के दौरान तय मानकों का पूरी तरह पालन न होना भी हो सकता है।

**इसे कैसे रोका जा सकता है?**

एक्सपर्ट के अनुसार ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए निर्माण की गुणवत्ता से किसी भी तरह का समझौता नहीं होना चाहिए। जिन इलाकों में भारी बारिश, भूस्खलन या पर्यावरणीय जोखिम पहले से मौजूद हैं, वहां परियोजना की योजना उसी हिसाब से बनाई जानी चाहिए। इसके अलावा भारतीय मौसम विभाग के साथ लगातार समन्वय रखकर मौसम की अग्रिम चेतावनियों का उपयोग किया जा सकता है, ताकि जरूरत पड़ने पर समय रहते सुरक्षा उपाय किए जा सकें। उनका कहना है कि नियमित गुणवत्ता जांच, बेहतर ड्रेनेज व्यवस्था और निर्माण के बाद समय-समय पर सुरक्षा ऑडिट भी ऐसी घटनाओं की आशंका को काफी हद तक कम कर सकते हैं।


**सरकार का इस तरह के मामलों पर क्या कहना है?**

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार, बारिश के दौरान सड़कों और पुलों को होने वाले नुकसान के पीछे एक ही कारण जिम्मेदार नहीं होता। अलग-अलग परियोजनाओं में अत्यधिक वर्षा, भूस्खलन, बाढ़, नदी के तेज बहाव, सड़क में पानी भरने और मिट्टी के कटाव जैसी वजहें सामने आई हैं। कुछ मामलों में प्रारंभिक जांच में निर्माण संबंधी खामियां, डिजाइन की कमी या अधूरे निर्माण कार्य की भी पहचान हुई है। जहां भी ऐसी कमियां पाई गईं, वहां संबंधित एजेंसियों से जवाब मांगा गया और सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।



## 'हम' की शूटिंग में डूबते-डूबते बचीं शिल्पा शिरोडकर

### साझा किया पुराना किस्सा



अभिनेत्री शिल्पा शिरोडकर ने फिल्म 'हम' की शूटिंग से जुड़ा एक दिलचस्प और चौंकाने वाला किस्सा साझा किया है। उन्होंने बताया कि शूटिंग के दौरान एक पानी वाले दृश्य में वह लगभग डूब गई थीं। हाल ही में एक नृत्य आधारित रियलिटी शो में पहुंचीं शिल्पा शिरोडकर को अभिनेता गोविंदा का वीडियो संदेश दिखाया गया। इस दौरान दोनों कलाकारों ने फिल्म 'हम' की शूटिंग के दौरान हुई घटना को याद किया। गोविंदा ने बताया कि उस समय शिल्पा को तैरना नहीं आता था। शूटिंग के दौरान पानी में फिल्माए जा रहे एक दृश्य में अचानक वह नजर नहीं आईं, जिससे सेट पर मौजूद लोग घबरा गए। उन्होंने बताया कि वह शिल्पा को खोजते हुए पानी में गए और उन्हें बाहर निकाला। घटना को याद करते हुए शिल्पा ने कहा कि वह पल उनके लिए बेहद डरावना था। बाहर आने के बाद उन्होंने शिकायत भी की थी कि जब उन्हें तैरना नहीं आता था तो पानी वाले दृश्य में क्यों उतारा गया। हालांकि बाद में यह घटना दोनों कलाकारों के लिए एक यादगार किस्से में बदल गई। तमाम मुश्किलों के बावजूद फिल्म की शूटिंग पूरी हुई और 'हम' उस दौर की चर्चित फिल्मों में शामिल रही। शिल्पा शिरोडकर और गोविंदा की जोड़ी को 90 के दशक में दर्शकों ने काफी पसंद किया था। शूटिंग के दौरान हुई यह घटना आज भी दोनों कलाकारों की यादों का हिस्सा बनी हुई है।


## 'इक्का' की स्क्रीनिंग में सनी देओल के नए लुक ने खींचा ध्यान

अभिनेता सनी देओल इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'इक्का' को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में फिल्म की स्क्रीनिंग के दौरान वह क्लीन शेव लुक में नजर आए, जिसके बाद सोशल मीडिया पर उनके नए अंदाज को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। स्क्रीनिंग में सनी देओल बिना दाढ़ी के दिखाई दिए। उनका यह बदला हुआ रूप प्रशंसकों के बीच आकर्षण का केंद्र बन गया। कई लोग उनके इस लुक को आगामी फिल्म रामायण में निभाए जाने वाले हनुमान के किरदार से जोड़कर देख रहे हैं। सामाजिक माध्यमों पर वायरल हो रही तस्वीरों और वीडियो पर प्रशंसकों ने विभिन्न प्रतिक्रियाएं दी हैं। कुछ लोगों का मानना है कि अभिनेता ने अपने नए किरदार की तैयारी के लिए यह बदलाव किया है, जबकि कई प्रशंसकों ने उनके नए रूप की सराहना की है। हालांकि, जब सनी देओल से उनके नए लुक और 'रामायण' से जुड़ी अटकलों पर सवाल किया गया तो उन्होंने इस विषय पर कोई विशेष टिप्पणी नहीं की।




## 'सतलुज' फिल्म पर विवाद तेज, सुखबीर बादल ने पंजाबभर में स्क्रीनिंग का किया ऐलान

फिल्म 'सतलुज'को ओटीटी मंच से हटाए जाने के बाद पंजाब की राजनीति में नया विवाद खड़ा हो गया है। शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने घोषणा की है कि उनकी पार्टी फिल्म को पंजाब के गांव-गांव और कोने-कोने तक पहुंचाएगी। सुखबीर बादल ने सामाजिक माध्यम पर जारी बयान में कहा कि फिल्म 'सतलुज' के माध्यम से युवा पीढ़ी को पंजाब के इतिहास के एक महत्वपूर्ण दौर से अवगत कराया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि इतिहास के कुछ पहलुओं को दबाने का प्रयास किया गया है, जबकि नई पीढ़ी को उन घटनाओं की जानकारी होना आवश्यक है।




अकाली दल के अनुसार फिल्म मानवाधिकार कार्यकर्ता जसवंत सिंह खालरा के जीवन और उनके कार्यों पर आधारित है। पार्टी का कहना है कि फिल्म में उन घटनाओं को दर्शाया गया है, जिनसे पंजाब का एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक दौर जुड़ा हुआ है। फिल्म को लेकर विवाद तब बढ़ा जब इसे रिलीज के कुछ समय बाद ओटीटी मंच से हटा दिया गया। इसके बाद अकाली दल, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और कई सिख संगठनों ने विरोध दर्ज कराया। फिल्म का नाम पहले 'पंजाब 95' बताया गया था, जिसे बाद में बदलकर 'सतलुज' कर दिया गया। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि आगामी विधानसभा चुनावों से पहले यह मुद्दा पंजाब की राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। फिलहाल अकाली दल ने स्पष्ट कर दिया है कि वह विभिन्न स्थानों पर बड़े पर्दों और एलईडी स्क्रीन के माध्यम से लोगों को फिल्म दिखाने का अभियान चलाएगा।



## डॉली विवाद पर बहन के समर्थन में उतरीं उर्फी जावेद

### कुशाल टंडन पर साधा निशाना

रियलिटी शो 'द अलायंस' में कंटेस्टेंट्स के बीच बढ़ते विवादों के बीच उर्फी जावेद ने अपनी बहन डॉली का समर्थन किया है। शो में डॉली और अभिनेता खुशी टण्डन के बीच चल रही तकरार को लेकर उर्फी ने सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया दी है। शो के दौरान डॉली और कुशाल टंडन के बीच कई मुद्दों को लेकर मतभेद देखने को मिले हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच कई बार तीखी बहस भी हुई। इसी बीच सोशल मीडिया पर चर्चा है कि डॉली को शो में लगातार निशाना बनाया जा रहा था, हालांकि इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। डॉली के समर्थन में उर्फी जावेद ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा करते हुए कहा कि उनकी बहन ने किसी के खिलाफ अभियान नहीं चलाया, बल्कि अपने और अपने दोस्त के पक्ष में आवाज उठाई। उन्होंने कुशाल टंडन के व्यवहार पर नाराजगी जताते हुए उनकी आलोचना की। उर्फी का कहना है कि डॉली ने शो में अपनी बात रखने और अपने करीबी लोगों का समर्थन करने का प्रयास किया है। उनका मानना है कि इसे गलत तरीके से प्रस्तुत नहीं किया जाना चाहिए। विवाद के बाद सोशल मीडिया पर दर्शकों की भी मिली-जुली प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। कुछ लोग डॉली के समर्थन में हैं, जबकि कुछ इसे रियलिटी शो का सामान्य हिस्सा मान रहे हैं। आने वाले एपिसोड में इस विवाद का क्या असर पड़ता है, इस पर दर्शकों की नजर बनी हुई है।



# संजू की वापसी पर चर्चा तेज, तिलक पर गिर सकती है गाज

- लगातार तीन हार के बाद टीम संयोजन में बदलाव की मांग
- वैभव को बरकरार रखते हुए मध्यक्रम में मिल सकता है मौका

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के खिलाफ जारी पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला में लगातार तीन हार के बाद भारतीय टीम की प्लेइंग एकादश को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। चौथे मुकाबले से पहले विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन की वापसी की मांग उठ रही है। माना जा रहा है कि युवा सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को बाहर किए बिना भी सैमसन को टीम में जगह मिल सकती है। चर्चा है कि मध्यक्रम में संघर्ष कर रहे तिलक वर्मा को विश्राम देकर सैमसन को मौका दिया जा सकता है। तिलक इस वर्ष अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर सके हैं, जिससे टीम प्रबंधन के सामने चयन को लेकर चुनौती खड़ी हो गई है।




### मध्यक्रम में विकल्प बन सकते हैं संजू

वैभव सूर्यवंशी के टीम में आने के बाद संजू को बाहर बैठना पड़ा था। वैभव सलामी बल्लेबाज के रूप में खेल रहे हैं, ऐसे में उनकी जगह फिलहाल सुरक्षित मानी जा रही है। ऐसे में सैमसन की वापसी मध्यक्रम में हो सकती है।

### चौथे मुकाबले पर टिकी निगाहें

संजू सैमसन भारत के लिए 65 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेल चुके हैं और 1405 रन बना चुके हैं। इंग्लैंड दौरे पर अब तक उन्हें अवसर नहीं मिला है। ऐसे में चौथे मुकाबले की प्लेइंग एकादश पर सभी की निगाहें टिकी हैं। श्रृंखला में बने रहने के लिए भारतीय टीम के लिए यह मुकाबला बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# जन्मदिन पर गांगुली को बड़ी उपलब्धि, हॉल ऑफ फेम में मिली जगह

भारतीय क्रिकेट के 12वें खिलाड़ी बने, महान खिलाड़ियों की सूची में शामिल

16 वर्ष के अंतरराष्ट्रीय करियर में बनाए कई कीर्तिमान



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली को उनके जन्मदिन पर बड़ी उपलब्धि मिली है। उन्हें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया है। इसके साथ ही वह यह सम्मान पाने वाले भारत के 12वें क्रिकेटर बन गए हैं। हॉल ऑफ फेम में शामिल होने पर गांगुली ने खुशी जताते हुए इसे अपने करियर का बड़ा सम्मान बताया। उन्होंने कहा कि महान खिलाड़ियों की सूची का हिस्सा बनना गर्व की बात है। साथ ही उन्होंने परिषद और उसके अध्यक्ष जय शाह का आभार व्यक्त किया।

### दिग्गज खिलाड़ियों की सूची में हुआ नाम शामिल


गांगुली अब उन भारतीय खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं जिनमें सुनील गावस्कर, कपिल देव, सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, अनिल कुंबले, वीरेंद्र सहवाग, बिशन सिंह बेदी, वीनू मांकड़, डायना एडुल्जी, नीतू डेविड और महेंद्र सिंह धोनी के नाम पहले से दर्ज हैं।

### कप्तानी में भारतीय टीम को दिलाई नई पहचान

54 वर्षीय गांगुली ने 1992 से 2008 तक भारत का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने 113 टेस्ट और 311 एकदिवसीय मुकाबले खेले। टेस्ट में 7212 और एकदिवसीय क्रिकेट में 11363 रन बनाए। उनकी कप्तानी में भारतीय टीम 2003 विश्व कप के फाइनल तक पहुंची थी और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में नई पहचान बनाने में सफल रही।

# क्वार्टर फाइनल से पहले इंग्लैंड की बढ़ी चिंता, रीस जेम्स पर संशय

- हैमस्ट्रिंग चोट से जूझ रहे रक्षक अभ्यास से रहे दूर
- नॉर्वे के खिलाफ मुकाबले से पहले रक्षापंक्ति पर संकट गहराया



**कैनसस सिटी।** फुटबॉल विश्व कप 2026 के क्वार्टर फाइनल मुकाबले से पहले इंग्लैंड की चिंताएं बढ़ गई हैं। टीम के प्रमुख रक्षक रीस जेम्स का नॉर्वे के खिलाफ होने वाले मुकाबले में खेलना अभी तय नहीं माना जा रहा है। हैमस्ट्रिंग चोट के कारण वह लगातार टीम के साथ अभ्यास नहीं कर पा रहे हैं। रीस जेम्स को घाना के खिलाफ ग्रुप चरण के मुकाबले में चोट लगी थी। इसके बाद से वह मैदान से दूर हैं। वह मेक्सिको के खिलाफ अंतिम-16 के मुकाबले में भी नहीं खेल सके थे, जिसमें इंग्लैंड ने 3-2 से जीत दर्ज कर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। इंग्लैंड की परेशानी इसलिए भी बढ़ गई है क्योंकि मेक्सिको के खिलाफ मुकाबले में जेरेल क्वांसाह को लाल कार्ड मिला था। इसके चलते वह नॉर्वे के खिलाफ उपलब्ध नहीं रहेंगे। ऐसे में दाएं छोर की रक्षापंक्ति के लिए टीम के पास सीमित विकल्प बचे हैं। मध्यपंक्ति के खिलाड़ी डेक्लान राइस ने संकेत दिए हैं कि वह मामूली परेशानी के बावजूद मुकाबले के लिए तैयार हैं। वहीं

# विश्व कप के अंतिम आठ का चित्र साफ, क्वार्टर फाइनल मुकाबले तय



- फ्रांस-मोरक्को और स्पेन-बेल्जियम में होगी टक्कर
- अर्जेंटीना, इंग्लैंड समेत आठ टीमें खिताब की दौड़ में बरकरार

**नई दिल्ली।** फुटबॉल विश्व कप 2026 के क्वार्टर फाइनल की सभी आठ टीमें तय हो गई हैं। अंतिम-16 चरण के मुकाबले समाप्त होने के बाद फ्रांस, मोरक्को, स्पेन, बेल्जियम, नॉर्वे, इंग्लैंड, अर्जेंटीना और स्विट्जरलैंड ने अंतिम आठ में जगह बनाई है। क्वार्टर फाइनल मुकाबले 10 से 12 जुलाई के बीच खेले जाएंगे। पहले क्वार्टर फाइनल में फ्रांस का सामना मोरक्को से होगा। इसके बाद स्पेन और बेल्जियम आमने-सामने होंगे। तीसरे मुकाबले में नॉर्वे की चुनौती इंग्लैंड के सामने होगी, जबकि अंतिम क्वार्टर फाइनल में अर्जेंटीना और

### पहले खिताब की तलाश में चार टीमें

मोरक्को, बेल्जियम, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड की नजर अपने पहले विश्व कप खिताब पर है। दूसरी ओर फ्रांस, स्पेन, इंग्लैंड और अर्जेंटीना जैसी दिग्गज टीमें एक बार फिर ट्रॉफी जीतने के इरादे से मैदान में उतरेंगी।

### दिग्गज खिलाड़ियों पर रहेंगी निगाहें

फ्रांस के लिए किलियन एम्बाप्पे, अर्जेंटीना के लिए लियोनेल मेसी, इंग्लैंड के लिए हैरी केन और नॉर्वे के लिए एर्लिंग हालैंड प्रमुख आकर्षण होंगे। इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर उनकी टीमों की आगे की राह काफी हद तक निर्भर करेगी।

### क्वार्टर फाइनल कार्यक्रम

10 जुलाई : फ्रांस बनाम मोरक्को (सुबह 1:30 बजे)
11 जुलाई : स्पेन बनाम बेल्जियम (रात 12:30 बजे)
12 जुलाई : नॉर्वे बनाम इंग्लैंड (रात 2:30 बजे)
12 जुलाई : अर्जेंटीना बनाम स्विट्जरलैंड (सुबह 6:30 बजे)

## गुरुवार, 09 जुलाई, 2026 राशिफल

मेष : आज नई शुरूआत के लिए दिन अनुकूल है। मन में उत्साह और ऊर्जा बनी रहेगी। सेहत का ध्यान रखें और पुरानी परेशानी दूर करने का प्रयास करें। जमीन या संपत्ति से जुड़ा मामला आगे बढ़ सकता है। भाई-बहनों के साथ बातचीत में संयम रखें। घूमने-फिरने से मन प्रसन्न रहेगा।

वृष : आज एकांत में समय बिताने से लाभ मिलेगा। सेहत अच्छी रहेगी और मानसिक शांति मिलेगी। माता के साथ महत्वपूर्ण चर्चा हो सकती है। वाहन या घर से जुड़ा काम पूरा होने के योग हैं। नौकरी और कारोबार में स्थिति अनुकूल रहेगी। जीवनसाथी के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा।

मिथुन : आज मेहनत का अच्छा परिणाम मिल सकता है। कोई पुरानी इच्छा पूरी होने की दिशा में आगे बढ़ेगी। मित्रों से सहयोग मिलेगा। करियर में पुराने कार्यों को आगे बढ़ाने का समय है। आर्थिक मामलों में राहत मिलने के संकेत हैं। जल्दबाजी से बचकर निर्णय लें।

कर्क : व्यक्तित्व और कार्यक्षेत्र में आज आपका प्रभाव बढ़ेगा। अधिकारियों से बातचीत सफल रह सकती है। सरकारी कार्यों में प्रगति होगी। परिवार और मित्रों का सहयोग मिलेगा। वाहन चलाते समय सावधानी रखें। शाम को खुद और परिवार के लिए समय निकालें।

सिंह : भाग्य का साथ मिलने से कई कार्य आसान होंगे। यात्रा या तीर्थ जाने की योजना बन सकती है। अनुभवी लोगों की सलाह लाभ देगी। संवाद कौशल से फायदा मिलेगा। परिवार में सामंजस्य बना रहेगा। विवादों से दूरी बनाकर रखें।

कन्या : आज रुके हुए मामलों में प्रगति के संकेत हैं। पुराने दस्तावेज या बीमा संबंधी काम पूरे हो सकते हैं। आय के नए स्रोत बनने की संभावना है। करियर में सकारात्मक बदलाव महसूस होगा। साझेदारी के मामलों में सुधार आएगा। विरोधियों से सतर्क रहना जरूरी है।

तुला : साझेदारी और रिश्तों के लिए दिन अच्छा है। जीवनसाथी के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सम्मान बढ़ सकता है। दूसरों की मदद करते समय अपनी सीमाओं का ध्यान रखें। किसी काम को लेकर अधिक दबाव न लें। मनोरंजन से मन हल्का रहेगा।

वृश्चिक : सेहत सुधारने के लिए आज उठाए गए कदम लाभ देंगे। दिनचर्या में नया बदलाव करना फायदेमंद रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी नेतृत्व क्षमता सराही जाएगी। वैवाहिक जीवन में मधुरता बनी रहेगी। आध्यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। अहंकार और अति आत्मविश्वास से बचें।

धनु : रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलने के योग हैं। बच्चों के साथ समय बिताने से खुशी मिलेगी। परिवार के किसी बड़े से महत्वपूर्ण चर्चा हो सकती है। संपत्ति से जुड़े मामलों में प्रगति होगी। खर्चों पर नियंत्रण रखना जरूरी है। कार्यस्थल पर धैर्य बनाए रखें।

मकर : घर और परिवार में सकारात्मक माहौल रहेगा। वाहन या संपत्ति से जुड़ा रुका कार्य पूरा हो सकता है। बातचीत से लाभ मिलने के संकेत हैं। साझेदारी के काम में सफलता मिलेगी। छोटी यात्रा की योजना बन सकती है। आत्मविश्वास बनाए रखें।

कुंभ : संवाद और संपर्क के क्षेत्र में लाभ मिलेगा। भाई-बहनों से सहयोग प्राप्त होगा। छोटी यात्रा का योग बन सकता है। स्वास्थ्य के लिए व्यायाम शुरू करना लाभकारी रहेगा। रिश्तों में प्रेम और अपनापन बना रहेगा। मन की उलझनों का समाधान स्वयं ढूंढ़ना होगा।

मीन : धन संबंधी मामलों में नए अवसर मिल सकते हैं। किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह लाभ देगी। खान-पान और आंखों की सेहत का ध्यान रखें। बच्चों के साथ समय बिताने से खुशी मिलेगी। कार्यक्षेत्र में अधिक मेहनत की आवश्यकता रहेगी। परिवार का सहयोग मनोबल बढ़ाएगा।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
पत्रकारिता
हमारा धर्म
निष्पक्षता
हमारी पहचान

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा
www.nnindianews.com
गुरुवार, 09 जुलाई, 2026